प्र13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिए : (3x3=9)

(क) किन बातों से पता चलता है कि पारू जितना पशु-पक्षियों से प्यार करती थी, वे भी उससे उतना ही प्यार करते थे?

(ख) राकेश को चुप कराने के लिए सारस ने क्या किया? इस घटना से वन्य प्राणियों के स्वभाव की किस विशेषता का पता चलता है?

(ग) लाली ने अम्मा की रक्षा किस प्रकार की?

प्र14. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : (3x1=3)

(क) ग्रामोफ़ोन कैसे होते हैं?

(ख) सारस के जोड़े का नाम क्या रखा गया?

(ग) दादाजी के मित्र कौन थे?





विषय : हिन्दी

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 80

(खण्ड-क)

प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

मनुष्य में ईमानदारी, सहनशीलता, उदारता, साहस आदि गुणों का विकास अति आवश्यक है। ये गुण व्यक्ति के जीवन को सरल बनाते हैं। जीवन में सादगी लाने के लिए दो बातें विशेष रूप से आवश्यक हैं–पहली कठिन से कठिन परिस्थितियों में धैर्य को न छोड़ना और दूसरी अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखना। सादगी का विचारों के साथ भी गहरा संबंध है। अतः हमें सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए और अपने विचारों को उच्च बनाए रखना चाहिए। व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके विचारों और करनी से होती है। सादगी मनुष्य के चरित्र का महत्वपूर्ण अंग है। संसार में अमरता भी ऐसे ही लोगों को मिलती है, जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं। महात्मा गांधी सादा जीवन व्यतीत करते थे और खद्दर के मामूली वस्त्र पहनते थे किंतु अपने उच्च विचारों के कारण वे संसार में पूजे गए।

(क) जीवन में सादगी को कैसे अपनाया जा सकता है? (2)

(ख) गांधी जी अपनी किस विशेषता के कारण पूजे गए? (1)

प्र2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

मन का पंछी नीलगगन में,
ऊँचा उड़-उड़ जाता,
सरिता, पर्वत, सागर, झरना,
सबसे होड़ लगाता।

बाँध सका क्या मन को कोई,
सीमा के बंधन में,
यह असीम उन्मुक्त पवन-सा,
लहराए क्षण-क्षण में
सागर की लहरों-सा चंचल,
गंगा-जल सा शांत।

(क) मनरूपी पंछी किस-किस से होड़ लगाता है? (1)

(ख) मन की तुलना पवन से क्यों की गई है? (1)

(ग) मानव के मन को सागर के समान क्यों कहा गया है? (1)

प्र3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए। (6)

(क) परिश्रम : सफलता का रहस्य

(ख) पेड़ - हमारे अभिन्न मित्र

(ग) फ़ास्ट फूड और हम

प्र4. अपने विद्यालय में 'स्वच्छता सप्ताह' आयोजित करने का निवेदन करते हुए प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए। (4)

अथवा

आपकी बहन छात्रावास में रहकर पढ़ रही है। उसे इंटरनेट के लाभ व हानियाँ बताते हुए पत्र लिखिए।

प्र5. (क) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त कारक चिह्न को रेखांकित करके भेद बताइए : (2)

(i) इस पुस्तक में अनेक चित्र हैं।

(ii) रमन गोपाल से लंबा है।

(ख) 'आप' का प्रयोग निजार्थक रूप में करके एक वाक्य बनाइए। (1)

(ग) परिमाणवाचक और संख्यावाचक विशेषणों में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। (2)

प्र6. (क) कर्म के आधार पर क्रिया छाँटकर भेद लिखिए : (2)

(i) वंश दिनभर हॉकी खेलता रहता है।

(ii) पिताजी इधर आ रहे हैं।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में निर्देशानुसार काल परिवर्तन कीजिए : (2)

(i) गीता ने रामायण पढ़ी। (सामान्य वर्तमान)

(ii) राधा घर आती होगी। (संभाव्य भविष्यत्)

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया विशेषण रेखांकित करके भेद लिखिए : (2)

(i) जतिन प्रातःकाल व्यायाम करता है।

(ii) बच्चा अचानक गिर गया।



(घ) संबंधबोधक अव्यय शब्दों से रिक्त स्थान भरिए : (1)

(i) प्रभु .............. दूसरा कोई दयालु नहीं।

(ii) विद्यालय .............. लंबी सड़क है।

(ङ) निम्नलिखित विस्मयादिबोधक शब्द से उचित वाक्य का निर्माण कीजिए : (1)

क्या!

प्र7. (क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए : (2)

(i) भय के मारे उसका प्राण ही निकल गया।

(ii) यहाँ-वहाँ नहीं घूमो।

(ख) 'भूत' शब्द का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए। (1)

(ग) विलोम शब्द लिखिए : (1)

नीरस, दीर्घ

(घ) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए : (2)

(i) हवा से बातें करना

(ii) चार चाँद लगाना

## (खण्ड-ख)

प्र8. निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) जागो बंसीवारे ललना।
जागो मोरे प्यारे।
रजनी बीती, भोर भयो है, घर-घर खुले किंवारे।
गोपी दही मथत, सुनियत हैं कंगना के झनकारे ॥
उठो लालजी! भोर भयो है, सुर-नर ठाढ़े द्वारे।
ग्वाल-बाल सब करत कुलाहल, जय-जय सबद उचारे ॥
माखन-रोटी हाथ महँ लीनी, गउवन के रखवारे।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सरण आयाँ को तारै ॥

(i) प्रस्तुत पद में कवयित्री ने किसका वर्णन किया है? (1)

(ii) किसके दर्शनों के लिए कौन-कौन द्वार पर खड़े हैं? (1)

(iii) मीराबाई के अनुसार श्रीकृष्ण किनका उद्धार करते हैं? (1)

(iv) पद की भाषागत विशेषताएँ बताइए। (2)

(ख) कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ -
जिससे उथल-पुथल मच जाए,
एक हिलोर इधर से आए,
एक हिलोर उधर से आए।
सावधान! मेरी वीणा में
चिनगारियाँ आन बैठी हैं,
टूटी हैं मिज़राबें अंगुलियाँ
दोनों मेरी ऐंठी हैं।

(i) कवि और कविता का नाम लिखिए। (1)

(ii) कवि की मिज़राबें क्यों टूट गई हैं? (2)

(ग) (i) रहीम के दोहे के आधार पर बताइए कि मछली का जल से क्या संबंध है? (2)

(ii) धरती की रीत क्या है? (1)

प्र9. निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) राधा ने सहायता देने की आवश्यकता नहीं समझी, परंतु अपनी मंद केका से किसी असामान्य घटना की सूचना सब ओर प्रसारित कर दी। माली पहुँचा फिर हम सब पहुँचे। नीलकंठ जब साँप के दो खंड कर चुका, तब उस शिशु खरगोश के पास गया और रातभर उसे पंखों के नीचे उष्णता देता रहा। कार्तिकेय ने अपने युद्ध-वाहन के लिए मयूर को क्यों चुना होगा, यह उस पक्षी का रूप और स्वभाव देखकर समझ में आ जाता है।

मयूर कलाप्रिय वीर पक्षी है, हिंसक मात्र नहीं। इसी से उसे बाज़ और चील आदि की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता, जिनका जीवन ही क्रूर कर्म है।

(i) राधा ने नीलकंठ की सहायता करने की बजाय क्या किया? (1)

(ii) मोर को बाज़ और चील आदि की श्रेणी में क्यों नहीं रखा जाता? (2)



(ख) आज़ादी के बाद उद्योग-धंधों, नौकरियों-तबादलों का जो एक नया विस्तार हुआ है, उसके कारण भी खानपान की चीज़ें किसी एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में पहुँची हैं। बड़े शहरों के मध्यमवर्गीय स्कूलों में जब दोपहर के 'टिफ़िन' के वक्त बच्चों के टिफ़िन-डिब्बे खुलते हैं तो उनसे विभिन्न प्रदेशों के व्यंजनों की एक खुशबू उठती है।

हम खानपान से भी एक-दूसरे को जानते हैं। इस दृष्टि से देखें तो खानपान की नई संस्कृति में हमें राष्ट्रीय एकता के लिए नए बीज भी मिल सकते हैं। बीज भलीभाँति तभी अंकुरित होंगे जब हम खानपान से जुड़ी हुई दूसरी चीज़ों की ओर भी ध्यान देंगे। मसलन हम उस बोली-बानी, भाषा-भूषा आदि को भी किसी-न-किसी रूप में ज़्यादा जानेंगे, जो किसी खानपान विशेष से जुड़ी हुई है।

(i) खानपान की संस्कृति का मिश्रित रूप कैसे विकसित हुआ? (2)

(ii) बड़े शहरों के मध्यमवर्गीय स्कूलों में दोपहर को क्या देखने को मिलता है? (1)

प्र10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिए : (3x2=6)

(क) दुकानदार और ड्राइवर के सामने अप्पू की क्या स्थिति है? वे दोनों उसे देखकर पहले परेशान होते हैं फिर हँसते हैं। क्यों?

(ख) पाठ 'नीलकंठ' के आधार पर बताइए कि पशु-पक्षियों के प्रति हमारा व्यवहार कैसा होना चाहिए?

प्र11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : (2x3=6)

(क) विदेशी मेहमानों ने नीलकंठ को क्या उपाधि दी और क्यों?

(ख) मास्टर जी ने रेलगाड़ी के बारे में क्या बताया?

(ग) 'ढाबा संस्कृति' से क्या तात्पर्य है?

प्र12. (क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए : (2)

अजनबी, यंत्र, समाधान, संकीर्ण

(ख) दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए : (2)

विकसित, अनुभव